एक मई से लागू होगा वेदांता का बंटवारा

नई दिल्ली, प्रेट्र: खनन कंपनी वेदांता ने सोमवार को बताया कि उसके बोर्ड ने कारोबार बंटवारे को एक मई 2026 से प्रभावी करने को मंजूरी दे दी है। कंपनी के एल्युमिनियम, बिजली, तेल व गैस और लौह अयस्क कारोबार अलग सूचीबद्ध कंपनियों में विभाजित किया जाएगा।

कंपनी ने बीएसई फाइलिंग में बताया कि अन्य संस्थाओं से परामर्श करने के बाद बोर्ड ने योजना के तहत प्रतिफल प्राप्त करने के पात्र शेयरधारकों का निर्धारण करने के लिए एक मई को रिकार्ड तिथि निर्धारित की गई है। वेदांता के मौजूदा शेयरधारकों को बंटवारे के बाद सूचीबद्ध होने वाली सभी कंपनियों में एक के बदले एक शेयर मिलेगा। कंपनी की योजना वेदांता को चार इकाइयों- वेदांता एल्युमिनियम मेटल लिमिटेड, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड, माल्को एनर्जी लिमिटेड और वेदांता आयरन एंड स्टील को अलग-अलग सूचीबद्ध कराने की है।